# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
कम्पिला रोड फौजी कॉलोनी गली निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eemjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 1191 / ... 09 / 102 दिनांक 25/5/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन पाइपलाइन रिसाव से जमीन धंसी" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन पाइपलाइन रिसाव से जमीन धंसी" के संबंध में अवगत कराना है कि वर्तमान में ग्राम मटासा बिलसारी विकास खण्ड नवाबगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, पम्पहाउस निर्माण कार्य पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है योजना में प्रस्तावित 12803 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 12843 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं 8140 मी0 रोड रिस्टोरेशन के सापेक्ष 7082 मी0 रोड मरम्मत की जा चुकी है एवं सोलर अधिष्ठापन का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। योजना से आच्छादित ग्राम बिलसारी में मेन लाइन चोक हो गई थी जिसकी रिपेयरिंग के दौरान किये गये गृहसंयोजन के नीचे पानी एकत्रित हो गया था जिस कारण से गृहसंयोजन के पास मिट्टी धंस गई थी। जिसको तत्काल ठीक कराने तथा धंसी मिट्टी में पर्याप्त मिट्टी भरवाकर पुनः की भाँति सही कराकर ग्राम में निर्बाधित क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति चालू करने हेतु कार्यदायी फर्म मै0 पी0टी0एल0 गया को निर्देशित कर दिया गया है।

अतः सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक:– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(साजन कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव–

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता/जू0इं0 (खण्डान्तर्गत)।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बघौआ रोड कोठी कॉलोनी पक्की निकट सिक्का बैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद-209601
Email ID- eeruralfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 1191 / ... / 102 दिनांक 25/5/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय:-ई-पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन पाइपलाइन रिसाव से जमीन धंसी" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई-पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन पाइपलाइन रिसाव से जमीन धंसी" के संबंध में अवगत कराना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत सिलसरी विकास खण्ड नवाबगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, पम्पहाउस निर्माण कार्य पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है योजना में प्रस्तावित 12283 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 12283 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं 8150 मी0 रोड रिस्टोरेशन के सापेक्ष 7983 मी0 रोड मरम्मत की जा चुकी है एवं सोलर अधिष्ठापन का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। योजना से आच्छादित ग्राम सिलसरी में मेन लाइन चोक हो गई थी जिसकी रिपेयरिंग के दौरान दिये गये गृहसंयोजन के नीचे पानी एकत्रित हो गया था जिस कारण से गृहसंयोजन के पास मिट्टी धस गई थी। जिसको तत्काल ठीक कराने तथा धसी मिट्टी में पर्याप्त मिट्टी भरवाकर पुनः पूर्व की भाँति सही कराकर ग्राम में नियमित क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति चालू करने हेतु कार्यदायी फर्म मै0 [illegible] को निर्देशित कर दिया गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक:- उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(सजन कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि-

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता/जू0अभि0 (खण्डान्तर्गत)।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन पाइपलाइन रिसाव से जमीन धंसी: कायमगंज में महिला बाल-बाल बची, मकान में भी दरारें

भूपेंद्र सिंह वर्मा | कायमगंज, फर्रुखाबाद
1 दिन पहले



कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के सिलारी गांव में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन में रिसाव के कारण जमीन धंस गई। इस घटना में एक महिला बाल-बाल बची, जिसे उसकी बेटियों एवं ग्रामीणों ने बचाया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पानी के रिसाव से मकान में भी दरारें आ गई जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सिलारी निवासी बेबी पत्नी कश्मीर सिंह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी अचानक उनके पैरों के नीचे की जमीन धंस गई। वह मिट्टी में समाने लगी। उनकी चीख-पुकार सुनकर बेटियां सीतू और शीतल मौके पर पहुंचीं और उन्हें हाथ पकड़कर बाहर निकाला।

ग्रामीणों के अनुसार, धंसी हुई जगह से जल जीवन मिशन की पाइपलाइन गुजर रही है। बताया गया कि पहले पाइपलाइन की आपूर्ति बंद थी, लेकिन दो - तीन दिन पहले ही पानी की सप्लाई शुरू की गई थी। आशंका है कि पाइपलाइन में रिसाव के कारण लगातार पानी जमीन के अंदर रिसता रहा, जिससे मिट्टी खोखली हो गई और जमीन धंस गई।

पीड़ित महिला बेबी ने बताया कि पाइपलाइन रिसाव के कारण उनके मकान में भी दरारें आ गई हैं और घर की फर्श चटकने लगी है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पाइपलाइन की जांच कराकर रिसाव बंद करने और क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। महिला ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में जल जीवन मिशन के एक्सईएन साजन कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner